(47)

# प्रतिवेदन

**परियोजना का नाम:–** **जनपद टिहरी के विधान सभा क्षेत्र प्रतापनगर में राज्य योजना के अन्तर्गत तेलुंगा (माजफ) से घोलडानी तक सड़क निर्माण।**

जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर में राज्य योजना के अन्तर्गत तेलुंगा (माजफ) से घोलडानी तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण हेतु शासनादेश संख्या 1152/111–(2)/14–62 (प्रा0आ0)/2013 दिनांक 21.02.2014 द्वारा 12.00 कि0मी0 लम्बाई हेतु रु0 122.47 लाख मात्र की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रथम चरण के लिये प्राप्त है। यह मार्ग लम्बगॉव–प्रतापनगर मोटर मार्ग के कि0मी0 12.00 है0मी0 2–4 से प्रारम्भ होता है, तथा घोलडानी गॉव को 7.900 किमी0 में जोड़ता है। मार्ग का संरेखण अधी0 अभि0, 8वॉ वृत्त, लो0नि0वि0, नई टिहरी के पत्रांक 642/732सी0–8/2015 दि0 07/02/2015 द्वारा अनुमोदित है। इस मार्ग के कि0मी0 0.00 से किमी0 0.225 तक नाप भूमि, किमी0 0.225 से किमी0 0.350 तक आरक्षित वन भूमि, कि0मी0 0.350 से किमी0 3.600 तक नाप भूमि, किमी0 3.600 से किमी0 4.00 तक आरक्षित वन भूमि, किमी0 4.00 से किमी0 5.675 तक नाप भूमि व किमी0 5.675 से किमी0 7.900 तक आरक्षित वन भूमि पड़ती है, इस प्रकार कुल 2750.00 मीटर आरक्षित वनभूमि, जिसका क्षेत्रफल 1.925 हैक्टेयर एवं कुल 5150.00 मीटर नाप भूमि, जिसका क्षेत्रफल 3.605 हैक्टेयर है।

इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के समुचित विकास के साथ–साथ स्थानीय जनता लाभान्वित होगी, तथा ग्राम घोल्डानी व माजफ गॉव को यातायात की सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। मार्ग निर्माण हेतु उक्त प्रस्तावित वन भूमि लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड को हस्तान्तरित की जानी आवश्यक है। भूवैज्ञानिक द्वारा इस मार्ग का सर्वेक्षण कर लिया गया है।

इस मार्ग का संयुक्त निरीक्षण 7.00 मीटर चौड़ाई में पेड़ों की गिनती के साथ प्रस्तुत किया गया, जिसमे कुल **363** वृक्ष आ रहे हैं। आरक्षित वन भूमि मे **247** बॉज के वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं, जिसमें वास्तविक रूप से मात्र **16** बांज के वृक्षों का पातन किया जाना है। सिविल/नापभूमि में **शून्य** बॉज वृक्ष प्रभावित हो रहे है, शेष वृक्ष अन्य प्रजाति के हैं। (संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न है।) प्रस्ताव में वनभूमि हस्तानान्तरण हेतु मार्ग की चौड़ाई 7.00 मीटर ली गयी है। मार्ग से लाभान्वित होने वाले ग्रामों की सूची निम्न प्रकार है–

| क0सं0 | ग्राम | कोड | आवादी |
|---|---|---|---|
| 1 | माजफ | 344000 | 2078 |
| 2 | घोल्डियाणी | 344800 | 348 |
| | | **योग :–** | **2426** |

**मार्ग पर पड़ने वाली भूमि का विवरण निम्न प्रकार है। –**

1. **आरक्षित वन भूमि का क्षेत्रफल** **1.925 हे0 (लम्बाई 2750 मीटर)**
2. **सिविल सोयम भूमि का क्षेत्रफल** **000 हे0 (लम्बाई 0.000 कि0मी0)**
3. **नाम भूमि का क्षेत्रफल** **3.605 हे0 (लम्बाई 5150 मीटर)**

अपर सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0
नई टिहरी।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0
नई टिहरी।

अधिशासी अभियन्ता 24/2
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0
नई टिहरी।